आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 15.09.2024 समय : 1905

<><><><><><><><>

- युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने सेवानिवृत्त खिलाड़ियों से सेवानिवृत्त खिलाड़ी सशक्तिकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए आवेदन करने और खेल–तंत्र में सक्रिय रूप से योगदान करने का आह्वान किया है।
- नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया आज से एकीकृत भुगतान व्यवस्था– यू पी आई की भुगतान सीमा एक लाख से बढ़ाकर पांच लाख कर रही है।
- ज़िला विधि सेवा प्राधिकरण की ओर से कल राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।
- द्वीपसमूह में आज ओणम का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है।
- प्रादेशिक सेना के साइकिल अभियान को अण्डमान निकोबार कमान के कमाण्डर–इन–चीफ एयर मार्शल साजू बालाकृष्णन ने द्वीपसमूह में आगे की यात्रा के लिए रवाना किया।

<><><><><><><><>

युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने सेवानिवृत्त खिलाड़ियों से सेवानिवृत्त खिलाड़ी सशक्तिकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए आवेदन करने और देश के खेल–तंत्र में सक्रिय रूप से योगदान करने का आह्वान किया है। सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए डॉ. मांडविया ने कहा कि रीसेट कार्यक्रम देश के सेवानिवृत्त खिलाडियों को पहचान दिलाने और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और सेवानिवृत खिलाडियों के बीच अंतर को कम करना और उनके कौशल और अनुभव से युवा खेल प्रतिभाओं

को लाभान्वित करना है। यह कार्यक्रम बीस से पचास वर्ष तक की आयु के उन सेवानिवृत्त खिलाडियों के लिए है, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय पदक जीते हैं, अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में भाग लिया है, या राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर मान्यता प्राप्त की है।

<><><><><><><>

नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया आज से एकीकृत भुगतान व्यवस्था– यू पी आई की भुगतान सीमा एक लाख से बढाकर पांच लाख कर रही है। उपभोक्ता अब पांच लाख रूपये तक के कुछ श्रेणी के भुगतान यू पी आई के माध्यम से कर सकेंगे। अस्पताल, कर भुगतान, शैक्षणिक भुगतान, आई पी ओ और सरकारी प्रतिभूतियों में किये जाने वाले भुगतान इस श्रेणी में शामिल हैं।

एन पी सी आई ने यू पी आई प्लेटफॉर्म में एक नई व्यवस्था– यू पी आई सर्कल लागू की है। इसके अन्तर्गत प्राथमिक उपभोक्ता अपने खाते में पारिवारिक सदस्यों और मित्रों को डिजिटल भुगतान के लिए जोड़ सकता है।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह के ज़िला विधि सेवा प्राधिकरण की ओर से कल राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत श्री विजयपुरम के ज़िला न्यायालय भवन, प्रयास केन्द्र और मायाबंदर तथा डिगलीपुर के उप–मण्डलीय न्यायालय परिसर में आयोजित हुआ। श्री विजयपुरम के विभिन्न न्यायालयों में लम्बित आपराधिक मामलों, मुकदमें पूर्व बी एस एन एल वसूली मामलों, बैंक वसूली मामलों जैसे मामलों का निपटारा किया गया। श्री विजयपुरम में लम्बित कुल एक हजार पांच सौ साठ मुकदमें पूर्व मामले में से छह सौ बयासी बी एस एन एल वसूली मामलों और पांच सौ तिरासी मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में भेजा गया, जिनमें से सतहत्तर बैंक वसूली मामलों का निपटारा किया गया। विभिन्न न्यायलयों में

लम्बित एक सौ नौ मामलों की सुनवाई की गई, जिनमें से पचपन आपराधिक मामलों का निपटारा किया गया तथा एक लाख तिरसठ हजार पांच सौ पचास रूपए जुर्माना वसूला गया। ज़िला विधि सेवा प्राधिकरण ने श्री विजयपुरम में चार, मायाबंदर तथा डिगलीपुर में एक–एक पीठ गथित की है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में आज ओणम का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। सुबह से मलयाली समुदाय के लोगों ने पूजा–अर्चना में भाग लिया और अपने घरों के सामने आकर्षक ढ़ंग से रंगोली बनाई। विभिन्न तरह के पकवान बनाकर भोग लगाया गया और रिश्तेदारों तथा दोस्तों को भोज में आमंत्रित किया गया। यह त्यौहार खेतों में फसल की अच्छी उपज के लिए मनाया जाता है। मान्यता है कि केरल में महाबली नाम का एक असुर राजा था। उसके आदर सत्कार में ही ओणम त्यौहार मनाया जाता है। यह त्यौहार भगवान बिष्णु के वामन अवतार को भी समर्पित है।

<><><><><><><>

प्रादेशिक सेना ने हीरक जयंती के सिलसिले में एक साइकिल अभियान का आयोजन किया है। यह अभियान तीस जुलाई को दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन बेस कैंप से आरंभ हुई। इसका समापन ग्रेट–निकोबार द्वीप समूह के इंदिरा पॉइंट पर होगा। इस अभियान में दो अधिकारियों, चार जूनियर कमीशन अधिकारियों सहित छब्बीस जवान शामिल है। अभियान के दौरान, उन्होंने ऊबड़–खाबड़ इलाकों और प्रतिकूल मौसम की स्थिति में साइकिल चलाकर पांच हजार पांच सौ किलोमीटर की दूरी तय की है। इन बहादुर सैनिकों की भागीदारी उनकी शारीरिक फिटनेस और मानसिक मजबूती का प्रमाण है, जो राष्ट्रीय गौरव, एकीकरण और सुरक्षा की सेवा में किसी भी चुनौती को सहन करने में सक्षम हैं। इस अभियान का स्वागत अंडमान

निकोबार कमान के कमांडर–इन–चीफ एयर मार्शल साजू बालकृष्णन ने किया और द्वीप समूह के चरण के लिए रवाना किया। टीम ब्रिचगंज, कार्बाइंस–कोव, मरीना पार्क, फ्लैग प्वाइंट, सेल्युलर जेल, अबर्डीन बाजार, वीआईपी रोड, स्कूल लाइन, भातू बस्ती मार्ग से होते हुए ब्रिचगंज सैन्य स्टेशन पर पहुंची। एयर मार्शल साजू बालाकृष्णन ने कहा कि यह ऐतिहासिक अभियान सभी को अपनी सीमाओं से आगे बढ़ने और उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करेगा। अभियान कार निकोबार और कैमोर्टा तक जारी रहेगा, अंत में ग्रेट निकोबार द्वीप समूह में इंदिरा पॉइंट पर समाप्त होगा।

<><><><><><><>

हिन्दु राष्ट्र शक्ति के स्थानीय अध्यक्ष राकेश्वर लाल ने लम्बा लाईन निवासी ए. अंजली के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका आज निधन हो गया।

<><><><><><><>

डिगलीपुर पुलिस ने चोरी के एक मामले को दो घण्टे के भीतर सुलझाया। डिगलीपुर के सीतानगर निवासी एक व्यक्ति ने कल अपने घर की अलमारी से नकदी चोरी होने की शिकायत पुलिस स्टेशन डिगलीपुर में दर्ज कराई। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत एफ.आई.आर. दर्ज कर गहन जांच शुरू की। घटना स्थल का विस्तृत निरीक्षण करने पर पुलिस ने संदिग्ध के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी जुटाई। डिगलीपुर थाने के एस एच ओ इंस्पेक्टर विजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने संदिग्ध का पता लगाने के लिए संभावित ठिकानों की गहन तलाशी शुरू की। अथक प्रयासों के बाद टीम ने संदिग्ध नाबालिग लड़के को सफलतापूर्वक पकड़ लिया और उससे पूछताछ की गई।

पूछताछ के दौरान नाबालिग ने अपराध कबूल कर लिया और उसके कब्जे से चोरी की गई संपत्ति बरामद कर ली गई। मामले की आगे की जांच जारी है।

<><><><><><><>

गणेश महोत्सव के सिलसिले में भारत यूथ क्लब गाराचारामा की ओर कुछ लोगों को सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में महोत्सव को सफल बनाने और सहयोग देने के लिए इनके प्रति आभार भी प्रकट किया गया।

<><><><><><><>

चिन्मय मिशन श्री विजय पुरम की ओर से पितृ पक्ष पखवाड़े के तहत सत्रह सितम्बर से चौबीस सितम्बर तक श्रीमद भगवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान भगवत कथा का पाठ प्रतिदिन शाम चार बजे से रात्रि आठ बजे तक होगा। कथा के पहले दिन गांधी पार्क से मिशन तक कलश यात्रा निकाली जाएगी।

<><><><><><><>

द्वीप समूह के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा सत्र दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए मुख्यभूमि के संस्थानों में बी एच एम एस और बी ए एम एस की सीटें आरक्षित की गई है। इन पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन कर चुके विद्यार्थियों का परामर्श बीस सितम्बर को होगा। परामर्श टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में सुबह दस बजे आरंभ होगा। सभी इच्छुक उम्मीदवार से कहा गया है कि वे प्रमाण पत्रो की मूल प्रतियों तथा पांच पासपोर्ट आकार के फोटो के साथ निर्धारित तिथि पर परामर्श के लिए उपस्थित रहें।

<><><><><><><>

द्वीप समूह के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा सत्र दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए मुख्यभूमि के संस्थानों में बी एच एम एस और बी ए एम एस की सीटें आरक्षित की गई है। इन पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन कर चुके विद्यार्थियों का परामर्श बीस सितम्बर को होगा। परामर्श टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में सुबह दस बजे आरंभ होगा। सभी इच्छुक उम्मीदवार से कहा गया है कि वे प्रमाण पत्रो की मूल प्रतियों तथा पांच पासपोर्ट आकार के फोटो के साथ निर्धारित तिथि पर परामर्श के लिए उपस्थित रहें।

<><><><><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। श्री विजय पुरम में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक दस दशमलव आठ मिलीमीटर, ननकौड़ी में तीन दशमलव दो, लांग आइलैंड में तीन दशमलव एक, हटबे में दो दशमलव आठ और वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में एक दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। अगले छह दिनों के मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपसमूह के अधिकांश क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा होगी।

<><><><><><><><><><>